# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

**विज्ञापन संख्या : 9/2013–14**

क्रमांक : विज्ञापन सं.– 9/भर्ती/2013–14/ दिनांक : 26.02.2014

***1.*** *आयोग द्वारा निम्नलिखित पदों हेतु* ***ऑनलाइन आवेदन*** *आमंत्रित किए जाते हैं–*

**मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर के लिये विभिन्न विषयों में आचार्य (Professor) एवं सह–आचार्य (Associate Professor) के पदों की राजस्थान आयुर्वेदिक, यूनानी, होम्योपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा सेवा नियम, 1973 के अन्तर्गत भर्ती। पद अस्थाई–स्थाई होने की सम्भावना के हैं। कुल रिक्त पदों की संख्या निम्न प्रकार से है :–**

| पद क्रम संख्या | पद का नाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | पद क्रम संख्या | पद का नाम | कुल रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आचार्य–द्रव्य गुण विज्ञान, | 1 | 13 | सह–आचार्य–क्रिया शारीर | 1 |
| 2 | आचार्य–रस शास्त्र भैषज्य कल्पना | 1 | 14 | सह–आचार्य–द्रव्य गुण विज्ञान | 2 |
| 3 | आचार्य–रोग निदान | 1 | 15 | सह–आचार्य–रस शास्त्र भैषज्य कल्पना | 2 |
| 4 | आचार्य–स्वस्थवृत | 1 | 16 | सह–आचार्य–अगदतंत्र एवं विधि आयुर्वेद | 1 |
| 5 | आचार्य–प्रसूति एवं स्त्री रोग | 1 | 17 | सह–आचार्य–प्रसूति एवं स्त्री रोग | 1 |
| 6 | आचार्य–काय चिकित्सा | 1 | 18 | सह–आचार्य–कौमारभृत्य | 1 |
| 7 | आचार्य–शालाक्य तंत्र | 1 | 19 | सह–आचार्य–काय चिकित्सा | 1 |
| 8 | आचार्य–पंचकर्म | 1 | 20 | सह–आचार्य–शल्य तंत्र | 1 |
| 9 | आचार्य–क्रिया शारीर | 1 | 21 | सह–आचार्य–शालाक्य तंत्र | 1 |
| 10 | आचार्य–रचना शारीर | 1 | 22 | सह–आचार्य–पंचकर्म | 1 |
| 11 | सह–आचार्य–संहिता (मौलिक सिद्धान्त) | 1 | 23 | सह–आचार्य–रोग निदान | 1 |
| 12 | सह–आचार्य–रचना शारीर | 1 | 24 | सह–आचार्य–स्वस्थवृत | 1 |

नोटः– (1) पदों की स्थिति शासन/विभाग के बताए अनुसार दर्शाई गई है। (2) उक्त सभी पद अनारक्षित पद (सामान्य वर्ग) हैं।

**विशेष नोटः–**

(1) **On line Application Form** में समस्त वांछित सूचना अवश्य अंकित करें। कोई सूचना गलत या अपूर्ण भरने पर अभ्यर्थी का आवेदन रद्द कर उसे परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी।
(2) आरक्षण की स्थिति एवं नियुक्ति प्रक्रिया राज्य सरकार के निर्देशों एवं नवीनतम नियमों के अध्यधीन परिवर्तनीय होगी।
(3) आयोग द्वारा पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या–5/11–12 दिनांक 21.05.2011 के पद क्रम संख्या 5 से 26 तक मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर के लिये विभिन्न विषयों में आचार्य एवं सह–आचार्य के पदों के विज्ञापन को प्रत्याहारित (Withdraw) किया जाता है।
(4) जिन आवेदकों ने इन पदों हेतु पूर्व में आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है परन्तु जो आवेदक अपना आवेदन वापस लेना चाहते हैं वे दिनांक 26.03.2014 तक आयोग को सूचित करें।
(5) वर्तमान में आयु की गणना दिनांक 01.01.2015 को की जाएगी किन्तु जो अभ्यर्थी पूर्व विज्ञापन के तहत आवेदन कर चुके हैं वे यदि दिनांक 01.01.2012 को आयु सीमा में थे तो उन्हें आयु की दृष्टि से पात्र माना जाएगा।
(6) अभ्यर्थी को प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन–पत्र भेजना आवश्यक है।
(7) आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें।

2. शैक्षणिक योग्यताएंः–

(क) पद क्रम संख्या 1 से 10 तक के लिएः–

**Professor**:- (A) A degree in Ayurved from a University established by law in India or a statutory Board/Faculty/Examining body or Indian medicine or its equivalent as recognized under Indian Medicine Central Council Act, 1970; and (B) A Postgraduate Qualification in the subject/specialty concerned included in the Schedule to Indian Medicine Central Council Act, 1970; and (C) Total teaching experience of 10 years' in concerned subject is necessary out of which there should be 5 years teaching experience as Reader/Associate Professor in concerned subject Desirable- An eminent scholar with published work of high quality actively engaged in research.

(ख) पद क्रम संख्या 11 से 24 तक के लिएः–

**Associate Professor**:- (A) A degree in Ayurved from a University established by law in India or a statutory Board/Faculty/Examining body or Indian medicine or its equivalent as recognized under Indian Medicine Central Council Act, 1970; and (B) A Postgraduate Qualification in the subject/specialty concerned included in the Schedule to Indian Medicine Central Council Act, 1970; and (C) Teaching experience of 5 years' in concerned subject(Reader will be treated as Associate Professor); Desirable- Research including Research degrees and has made some mark in the areas of scholarship as evidenced by quality or publication, contribution to educational renovation, design of new courses and curricula.

(ग) उक्त सभी पदों के लिए द्वितीय अनिवार्य योग्यताः– देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

नोटः– सभी पदों हेतु आवेदकों को वांछित अनुभव उपरोक्तानुसार दर्शाई गई अर्हता के पश्चात का, जोकि आवेदन करने की अन्तिम दिनांक तक प्राप्त होना आवश्यक है अन्यथा अपात्र।

3. आयुः– दिनांक 01–01–2015 को आचार्य पदों के लिए अधिकतम आयु 55 वर्ष एवं सह–आचार्य पदों के लिए अधिकतम आयु 50 वर्ष होगी।

4. वेतनमान : क्रम संख्या 1 से 10 तक के पदों के लिएः–रनिंग पे बेण्ड– 3(15600–39100) ग्रेड–पे संख्या–18 ( रुपये 6800/–)
क्रम संख्या 11 से 24 तक के पदों के लिएः–रनिंग पे बेण्ड– 3(15600–39100)ग्रेड–पे संख्या–17 ( रुपये 6600/–)

5. आवेदन तिथि – **आवेदन दिनांकः 05.03.2014 से दिनांकः 05.04.2014 रात्रि 12–00 बजे तक के मध्य भरे जा सकेंगे (इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जाएगा)।**
आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

6- **संवीक्षा परीक्षा/साक्षात्कार तिथि–** आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात् यथाशीघ्र घोषित कर दी जाएगी।

7. **पाठ्यक्रमः–** प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या के आधार पर यदि संवीक्षा परीक्षा आयोजित की जाती है तो इन पदों के पाठ्यक्रम आयोग की वेब–साईट पर यथा समय जारी कर दिये जाएंगे।

8. **अन्य बिंदु व सूचना :–** परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिंदु व सूचना के लिए आयोग द्वारा आयोग की वेब–साईट पर **दिनांक 01.01.13** को जारी **परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा–निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों** का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त समय–समय पर जारी इस परीक्षा/विज्ञापन से संबद्ध सूचनाओं को आयोग की वेबसाइट **http:// www.rpsc.rajasthan.gov.in** या **rpsconline.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध सूचना से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा **दूरभाष सं.– 0145–5151212, 5151200** पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

(निष्काम दिवाकर)
सचिव